76

संख्याः1702/VII-II-12/100-A–उद्योग/2006

प्रेषक,

किशन नाथ,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक, उद्योग,
उद्योग निदेशालय,
उत्तराखण्ड देहरादून।

औद्योगिक विकास अनुभाग–2 देहरादूनः दिनांकः 21 सितम्बर, 2012

विषयः **वित्तीय वर्ष 2012–13 में उत्तरांचल हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद को सहायता नामक योजना हेतु अवशेष धनराशि स्वीकृति के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्याः 321/XXVII(1)/2012 दिनांकः 19 जून, 2012, एवं शासनादेश संख्याः1010/VII-II-12/100-A उद्योग/2006 दिनांक 19 जून, 2012 तथा आपके पत्रांकः1982/उ0नि0/(दो)–14/यूएचएचडीसी/2012–13 दिनांक 13 अगस्त, 2012 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2012–13 में उद्योग विभाग के आयोजनागत पक्ष अन्तर्गत **"उत्तरांचल हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद को सहायता" नामक योजना हेतु अवशेष धनराशि ₹1667 हजार (₹ सोलह लाख सड़सठ हजार मात्र)** की धनराशि **संलग्न अलोटमेंट आई0डी0-S1209230032 दिनांक 18-09-2012** के अनुसार निम्न प्रतिबन्धों/शर्तो के अधीन व्यय किये जाने हेतु आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैंः–

2– **उक्त धनराशि आपके निर्वतन पर इस आशय से रखी जा रही है कि अपने अधीनस्थ कार्यालयाध्यक्ष/आहरण वितरण अधिकारियों को स्वीकृत धनराशि का आवंटन इन्टरनेट के माध्यम से साफ्टवेयर द्वारा किया जाना सुनिश्चित करें।**

3– वितरण अधिकारी द्वारा उक्त धनराशि का मासिक व्यय विवरण बी0एम0–8 के प्रपत्र पर रखा जायेगा, और पूर्व के माह का व्यय विवरण उक्त अधिकारी द्वारा अनुवर्ती माह की 5 तारीख तक उक्त अनुदान के नियंत्रक अधिकारी को बजट मैनुअल के अध्याय–13 के प्रस्तर–116 की व्यवस्थानुसार प्रेषित किया जायेगा, एवं प्रस्तर–128 की व्यवस्थानुसार उक्त अनुदान के नियंत्रक अधिकारी द्वारा पूर्ववर्ती माह का संगत व्यय विवरण अनुवर्ती माह की 25 तारीख तक वित्त विभाग को प्रेषित किया जायेगा, तथा नियमित रूप से यदि सरकार/शासन को उक्त विवरण प्रेषित नहीं किया जाता है तो उत्तरदायी अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु सक्षम स्तर को अवगत कराया जायेगा। प्रशासनिक विभाग प्रस्तर–130 के अधीन उक्त आवंटित धनराशि के व्यय का नियंत्रण करेंगे।

4– व्यय में मितव्ययता नितान्त आवश्यक है। इस संबंध में समय–समय पर जारी शासनादेशों/अन्य आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। व्यय मात्र उन्हीं मदों में किया जायेगा, जिन मदों में धनराशि स्वीकृत की जा रही है। यह आवंटन किसी ऐसे व्यय को करने का अधिकार नहीं देता है, जिसे व्यय करने में बजट मैनुअल/वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों का उल्लंघन होता हो। धनराशि व्यय के उपरान्त

व्यय की गई धनराशि का मासिक व्यय विवरण निर्धारित प्रपत्र पर नियमित रूप से शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

5– स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय वित्त विभाग के शासनादेश संख्या 321/XXVII(1)/2012 दिनांकः 19 जून, 2012 में इंगित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन किया जायेगा।

6– स्वीकृत धनराशि का दिनांक 31 मार्च 2013 तक पूर्ण उपयोग कर लिया जायेगा। यदि उक्त तिथि तक कोई धनराशि अवशेष रहती है तो उस धनराशि को उक्त तिथि तक शासन को समर्पित कर दिया जायेगा।

7– उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2012–13 के अनुदान संख्या–23 के मुख्य लेखा शीर्षक–2851–ग्रामोद्योग तथा लघु उद्योग, 00–आयोजनागत, 103–हथकरघा उद्योग, 07–उत्तरांचल हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद को सहायता, 20–सहायक अनुदान/ अंशदान/राज सहायता मद के नामे डाला जायेगा।

8– यह आदेश वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्याः321/ XXVII(1)/ 2012 दिनांकः 19 जून, 2012 में इंगित निर्देशानुसार निर्गत किये जा रहे हैं।

संलग्नकः– अलोटमेंट आई0डी0-S1209230032 दिनांक 18-09-2012

भवदीय,

(किशन नाथ)
अपर सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः1702(1)/VII-II-12/100-A–उद्योग/2006 तद् दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, ओवराय विल्डिंग माजरा, देहरादून।
2. निदेशक, एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर, देहरादून।
3. वित्त अनुभाग–2, उत्तराखण्ड शासन।
4. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(ललित मोहन आर्य)
संयुक्त सचिव।

बजट आवंटन वित्तीय वर्ष - 20122013

Secretary, Industry (S023)

आवंटन पत्र संख्या - 1702

अनुदान संख्या - 023

अलोटमेंट आई डी - S1209230032

आवंटन पत्र दिनांक - 18-Sep-2012

HOD Name - Director Industries (2052)

1: लेखा शीर्षक - 2851 - ग्रामोद्योग तथा लघु उद्योग 00 -

103 - हथकरघा उद्योग 07 - उत्तरांचल हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद

00 - उत्तरांचल हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद क

Plan Voted

मानक मद का नाम	पूर्व में जारी	वर्तमान में जारी	योग
20 - सहायक अनुदान/अंशदान/राज	833000	1667000	2500000
	833000	**1667000**	**2500000**

Total Current Allotment To Head Of The Department In Above Schemes - 1667000